ज्ञानसरोवर परिसर में...

# शिव ध्वजारोहण करके मनाया शिव जयंती महोत्सव



**माउण्ट आबू-राज.।** ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञानसरोवर अकादमी परिसर में 85वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ज्ञानसरोवर की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. निर्मला दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव हर रोज़ हमें नई-नई शिक्षायें और सबक देकर हमारी उन्नति में हमारी मदद करते हैं। इसलिए हमें योग और सेवा में सदा व्यस्त रहना चाहिए। राजयोगिनी ईशू दादी,संयुक्त मुख्य प्रशासिका, ब्रह्माकुमारीज़ ने शिव जयंती की दिल से सभी को शुभकामनायें दीं और कहा कि सबको खुश रहना है और खुशियां बांटनी हैं। राजयोगी ब्र.कु. बृजमोहन,अति. सचिव,ब्रह्माकुमारीज़ ने शिव ध्वज की महिमा बताते हुए कहा कि ध्वज किसी एक पहचान, संस्कृति और धर्म को इंगित करता है। और जब इस धरती पर परमात्मा शिव का ध्वज लहराता है तो वो इस धरा पर उस स्वर्णिम काल के आगमन को सुनिश्चित करता है जहाँ एक धर्म, एक राज्य और एक भाषा होगी। राजयोगी ब्र.कु. करुणा, मल्टीमीडिया चीफ,ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि शिव जयंती हमारे परमप्रिय परमात्मा के अवतरण का यादगार है। साथ ही साथ हमारा भी जन्म दिवस है। वो हमारे साथ रहकर विश्व परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं। राजयोगिनी ब्र.कु. शीलू दीदी,वाइस चेयरपर्सन,एजुकेशन विंग, ब्रह्माकुमारीज़ ने कहा कि हम सभी एक ईश्वरीय परिवार हैं। एक परमात्मा से ही हमारा सम्बंध है और हमेशा रहेगा। इस अवसर पर राजयोगी ब्र.कु. मृत्युंजय,कार्यकारी सचिव, ब्रह्माकुमारीज़, राजयोगी ब्र.कु. मोहन सिंघल,चेयरपर्सन, साइंटिस्ट एंड इंजीनियरिंग विंग तथा अन्य वरिष्ठ भाई-बहनों ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।

# चरित्रवान, गुणवान बच्चे ही देश की सच्ची संपत्ति



**मधेपुरा-बिहार।** ब्रह्माकुमारीज़ के तत्वाधान में साहूगढ़ टोला राष्ट्र इस्पात निगम लिमिटेड के उप महाप्रबंधक नरेश कुमार एवं समाजसेवी रागिनी रानी यादव के निवास स्थान पर बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमति रागिनी रानी यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भौतिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षाओं की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो ज्ञान विद्यार्थियों को अंधकार से प्रकाश की ओर, असत्य से सत्य की ओर, बंधनों से मुक्ति की ओर ले जाये वही सच्चा ज्ञान व सच्ची शिक्षा है। ब्रह्माकुमारीज़ की स्थानीय संचालिका ब्र.कु. रंजू बहन ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य चरित्रवान, गुणवान बनाना होना चाहिए। चरित्रवान, गुणवान बच्चे देश की सच्ची संपत्ति हैं। शिक्षा एक बीज है और जब तक जीवन रूपी वृक्ष पर नम्रता, ईमानदारी, सत्यता, सहनशीलता, शांति आदि गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। मौके पर राजद के प्रधान महासचिव पप्पू यादव, जिला कांग्रेस के महासचिव शशि भूषण मंडल, प्राध्यापक आशीष कुमार, शिक्षिका श्वेता यादव, आशा देवी, सिंघेश्वर सेवाकेन्द्र की मुख्य संचालिका ब्र.कु. कौशल्या, ब्र.कु. किशोर, ब्र.कु. बीना सहित अन्य भाई-बहनें मौजूद रहे।

# 'बूस्टिंग सेल्फ इम्युनिटी' प्रदर्शनी का आयोजन

## प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के प्रति किया जागरुक

**मथुरा-कृष्णा विहार(उ.प्र.)।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की इकाई मथुरा रिफाइनरी नगर में आयोजित 35वें फ्लावर शो में 500 से भी अधिक प्रजातियों के पुष्प प्रदर्शित किये गये। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा कोरोना के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए 'बूस्टिंग सेल्फ इम्युनिटी' विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में बैनर व पोस्टर के माध्यम से लोगों को अपनी



इम्युनिटी पावर बढ़ाने के प्रति जागरुक किया गया। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कृष्णा दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान कोरोना काल में मानसिक शांति और आंतरिक शक्तियों को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से सभी को जागरुक करता रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक आशीष कुमार माइत्ती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वृंदा क्लब की अध्यक्षा श्रीमति माइत्ती, सी.जी.एम. टेक्निकल एम.एल. धारिया, ऑफिसर एसोसिएशन के सी.ई.सी. रविन्द्र यादव, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, मथुरा रिफाइनरी प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# प्यार और विनम्रता से काम करने वाला ही सच्चा हीरो





**रशिया-सेंट पीटर्सबर्ग।** रशिया के प्रमुख त्योहारों में से एक 'द डे ऑफ प्रोटेक्टर्स ऑफ फादरलैंड' के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'हार्ट टू हार्ट कनवर्सेशन' में वादिम बज़किन,एक अद्वितीय हेलीकॉप्टर पायलट जो '7 बिलियन एक्ट्स ऑफ गुडनेस' परियोजना के एक आधिकारिक भागीदार भी बने। इस अवसर पर उन्होंने एक सच्चे नायक के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा कि युद्ध संघर्ष के समय वीरतापूर्ण कार्य करना अधिक सहज है रोज़ प्यार से सबकी देखभाल करते रहने से। इसीलिए हमारी माँ सच्ची हीरोज़ हैं। एक हीरो वो नहीं जो ज़ोर से या चतुराई से बात करता है, बल्कि एक सच्चा हीरो प्यार और विनम्रता के आधार पर ही काम करता है। एंड्रे ज़लेंको, हेड,फेडरल सोशल सर्विस प्रोग्राम 'पीपल नीड यू' ने इस मौके पर अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि हर किसी को सच्चे प्यार का एहसास होना चाहिए और अभ्यास करना चाहिए, जो सम्मान और अहिंसा का असीमित दृष्टिकोण है।

### कार्यक्रम के दौरान

- 21 दिवसीय राजयोग तपस्या कार्यक्रम में सैकड़ों ब्र.कु. भाइयों ने लिया भाग
- सभी राजयोगी भाइयों का हुआ सम्मान
- ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा मनोरंजन

# शांत मन ही समस्याओं में सहायता करेगा



**हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)।** पी.सी. बागला महाविद्यालय के प्रथम एवं द्वितीय संयुक्त एन.एस.एस. के तृतीय शिविर के अंतर्गत संयुक्त तत्वाधान में ब्रह्माकुमारीज़ एवं विद्यार्थियों ने रैली निकाली, जिसका समापन स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र पर हुआ। इस अवसर पर सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शान्ता बहन ने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपना जीवन सरल बनाने के लिए अध्यात्म को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। दिन में और देर रात तक मोबाइल का दुरुपयोग न केवल मनोमस्तिष्क को बल्कि शरीर को भी हानि पहुँचाता है। और संकटकाल में शांत मन ही हमें बचायेगा। इस अवसर पर शिविर के दर्जनों स्वयंसेवकों के साथ अतिथियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनों ने विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई की। मौके पर न.पा. अध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा, एन.एस.एस. की प्रथम इकाई के समन्वयक डॉ. एम.पी. सिंह, द्वितीय एन.एस.एस. इकाई के समन्वयक डॉ. संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारीज़ मार्ग के शिलापट्ट का अनावरण

## मानवता के अनोखी सेवाओं की मिसाल ब्रह्माकुमारीज़ - चेयरमैन

**मऊ-उ.प्र.।** वैश्विक स्तर पर मानवता के अनोखी सेवाओं की मिसाल है ब्रह्माकुमारी संस्था। मुझे ऐसी संस्था पर गर्व है जो जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय आदि अनेक भेदों से ऊपर उठकर मानवता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। मुझे गर्व है कि हम ऐसी महान संस्था के नाम पर आज इस मार्ग का नामकरण कर रहे हैं। उक्त उद्‌गार मऊ न.पा. परिषद् के चेयरमैन मु.तैय्यब पालकी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मुझे इस संस्था के सानिध्य में आकर आंतरिक सुख, शांति एवं सुकून की अनुभूति होती है। वे मऊ गोरखपुर हाईवे से लगे हुए मार्ग पर ब्रह्माकुमारीज़ के शिलापट्ट का अनावरण कर रहे थे। स्थानीय संचालिका ब्र.कु. विमला दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ एक धार्मिक संस्था न होकर एक वैश्विक आध्यात्मिक परिवार है। जहाँ हम सभी प्रेम, दिव्यता, पवित्रता, सुख, शांति एवं आनंद की सुखद अनुभूति कर सकते हैं।




उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ के मार्ग के शिलापट्ट का अनावरण करने पर चेयरमैन एवं स्थानीय सभासद् विनय कुमार सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मौके पर प्रतिष्ठित सर्जन डॉ. एस.सी. तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th March, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, डी.बी. कॉर्प.लि.,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org